Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **ग्राम पंचायत पुनासर खुर्द तहसील बापिनी जिला फलोदी में ग्राम विकास अधिकारी 4,000/- रूपयें रिश्वत लेतें रंगे हाथों गिरप्तार।**

जयपुर, दिनांक 19 अगस्त मंगलवार, एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी जोधपुर शहर द्वारा आज कार्यवाही करतें हुए रामेश्वरलाल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पुनासर खुर्द तहसील बापिनी जिला फलोदी को 4,000/- रूपयें रिश्वत लेतें रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** नें बताया कि एसीबी की जोधपुर शहर ईकाई को एक शिकायत इस आशय की मिली कि ग्राम पंचायत पुनासर खुर्द के ग्राम विकास अधिकारी रामेश्वरलाल द्वारा परिवादी के माताजी के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी व तीसरी किश्त जारी करनें की एवज में 10,000/- रूपयें रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरविजन में **श्री चक्रवर्ती सिंह राठौड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों जोधपुर शहर के नेतृत्व में **श्री किशनसिंह चारण उप अधीक्षक पुलिस** मय जाब्ता के ट्रेप कार्यवाही करतें हुए रामेश्वरलाल ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत पुनासर खुर्द तहसील बापिनी जिला फलोदी कों 4,000/- रूपयें रिश्वत राशि लेतें हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। इससे पूर्व मांग सत्यापन में 4,000/- रूपयें एवं 2000/- रूपयें मांग सत्यापन से पूर्व आरोपी द्वारा परिवादी से प्राप्त कर लिये थे।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों रेन्ज जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामलें में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जाएगा।